छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 75 ■ अम्बिकापुर, मंगलवार 17 मार्च 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

# अफीम की खेती के मामले में बिहार और झारखंड से दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस ने भेजा है जेल





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में बड़े पैमाने पर सामने आई अवैध अफीम की खेती के मामले में पुलिस ने एंड टू एंड विवेचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिहार और झारखंड से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। इससे पहले मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है।

जानकारी के मुताबिक द्वय थाना कुसमी और कोरंधा क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के दो बड़े मामले सामने आए थे। कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिपुरी घोसराडांड़ तथा कोरंधा थाना क्षेत्र के ग्राम तुर्रीपानी खजूरी में पुलिस, प्रशासन और एफएसएल की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अफीम की खेती पकड़ी थी। कार्रवाई के दौरान ग्राम त्रिपुरी से 4344.569 किलोग्राम अफीम की फसल, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 75 लाख रुपये वहीं ग्राम तुर्रीपानी खजूरी से 1883.76 किलोग्राम अफीम कर फसल कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये जब्त की गई थी। दोनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 और 18 के तहत प्रकरण दर्ज कर 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा और पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने झारखंड और बिहार के कई संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार

थाना कुसमी के अपराध क्रमांक 26/2026 में वांछित आरोपी पैरू सिंह भोक्ता (35) निवासी सोमिया, थाना बाराचट्टी, जिला गया (बिहार) को गया से गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना कोरंधा के अपराध क्रमांक 04/2026 के सरगना आरोपी भूपेंद्र उरांव उर्फ भूपेंदरा उरांव (38) निवासी ग्राम चाया, पोस्ट कुंदा, पंचायत बोथाडीह, जिला चतरा (झारखंड) को उसके गांव से घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके छत्तीसगढ़ लाया गया है और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस इस पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए एंड टू एंड विवेचना कार्रवाई जारी रखी है। मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका पर भी पुलिस की नजर है।

## बच्चे से खींचातानी, मना करने पर तलवार के मूठ से हमला

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बच्चे से खींचातानी करने पर आरोपी युवक अपने अन्य साथियों के साथ तलवार लेकर पहुंचा, और दहशत मचाते हुए महिला से मारपीट करने लगा। घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, खटिकपारा में रहकर मजदूरी करने वाली अंजनी सारथी के यहां 13 मार्च को मेहमान आए थे। शाम करीब 07 बजे बच्चे घर के सामने खेल रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले का लेदरी नाम का लड़का आया अंजनी के बच्चे का पैंट खींचते हुए विवाद करने लगा। महिला ने जब विवाद करने से मना किया तो आरोपी अपने साथी गोपी व गोलू के साथ तलवार लेकर लहराते हुए पहुंचा और गाली देते जान से मारने की धमकी देकर महिला को पहले तो थप्पड़ मारा, बाद में तलवार के मूठ से सिर में वार कर दिया। इस दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। घटना के दौरान मौके पर जमा होते लोगों को देखकर आरोपी भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरापियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) व आर्म्स एक्ट की धारा 25-27 का मामला दर्ज कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा: लखनपुर केन्द्र में नकल के 2 प्रकरण दर्ज



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा-2026 के अंतर्गत सोमवार को हिन्दी विषय की परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। जिले के निर्धारित 10 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी, अंबिकापुर द्वारा गठित विशेष उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उड़नदस्ता टीम ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली तथा शासकीय नगर पालिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1224, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए 02 परीक्षार्थी पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों (अनुक्रमांक 21224260130 एवं 21224260005) के विरुद्ध नियमानुसार नकल प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई। हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए जिले में कुल 1769 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1668 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, 101 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आगामी परीक्षाओं को भी निष्पक्ष एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।

### कक्षा 5वीं गणित की वार्षिक परीक्षा 1563 केंद्रों में संपन्न

केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2026 के अंतर्गत सोमवार को कक्षा 5वीं के गणित विषय की परीक्षा जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले के कुल 1563 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर गठित विशेष निरीक्षण दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, परीक्षा का संचालन पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। गणित विषय की परीक्षा के लिए कुल 16,665 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,607 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति का प्रतिशत संतोषजनक रहा है। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

## सरगुजा में बारिश और ओलावृष्टि से बदला मौसम, गर्मी से राहत, किसान चिंतित



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** उत्तरी छत्तीसगढ़ में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर सरगुजा संभाग में रविवार के बाद सोमवार को भी देखने को मिला। रविवार की शाम हल्की बूंदाबादी के बाद सोमवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में घने काले बादल छाने के साथ बादलों की गरज-चमक शुरू हो गई और कई स्थानों पर बूंदाबांदी के साथ तेज बारिश हुई। उदयपुर क्षेत्र में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई, इससे लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली।

अंबिकापुर में भी शाम 4 बजे अंधेरा छा गया, कुछ देर बाद बादलों की गरज के बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश शुरू हुई। उदयपुर क्षेत्र में कुछ समय तक ओले भी गिरे। अचानक बदले मौसम के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से लोग परेशान थे, ऐसे में बारिश और ठंडी हवा से लोग राहत महसूस कर रहे थे। इधर ओलावृष्टि के कारण किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में लगी फसलों को नुकसान की चिंता सता रही है। मौसम विभाग ने भी अगले कुछ घंटों में जिले के कुछ और इलाकों में भी बारिश की संभावना जताई है। आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से आम, लीची के अलावा गेहूं की फसलों को नुकसान होने की संभावना है। इन दिनों आम के पौधों में बौर आ गए हैं, ऐसे में बारिश और ओला का असर फलदार पौधों और खेती पर पड़ सकता है।

# आरटीओ अधिकारी बनकर कृषक से 20 हजार नकद लूटने वाला गिरफ्तार

## अंबिकापुर के निजी अस्पताल में पुत्री का चल रहा है उपचार, मोटरसायकल और 1000 रुपये नकद जब्त



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** खुद को आरटीओ का अधिकारी बताकर बुलेट सवार ने पुत्री का अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे ग्रामीण से 20 हजार रुपये नकद लूट की घटना को अंजाम दिया था, गांधीनगर थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसायकल एवं 1000 रुपये नकद जप्त किया है। आदतन अपराधी किस्म के युवक के विरुद्ध थाना कोतवाली में भी प्रकरण दर्ज है।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर-रामानुजगंज जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम मरकाडांड का कृषक संदीप लकड़ा अपनी पुत्री अंजली को मासूम अस्पताल अंबिकापुर में पिछले 15 दिनों से भर्ती करके इलाज करा रहा है। 11 मार्च की शाम को करीब 6 बजे वह अपने ससुर रामजन के साथ मोटरसायकल से मासूम अस्पताल से गांधी चैक की ओर किसी काम से जा रहा था। इस दौरान राज पोल्ट्री फार्म के पास काले रंग के बुलेट मोटरसायकल में सवार एक व्यक्ति आकर उसका रास्ता रोक लिया और गालीगलौज करते हुए धमकी भरे लहजे में नहीं रूकने की बात को लेकर धक्का-मुक्की करने लगा। उक्त युवक अपना परिचय आरटीओ अधिकारी के रूप में देते हुए नाम सहजोर अली बताया, और जबरन पैंट पाकिट के जेब में हाथ डालकर पर्स निकाल लिया, और पर्स में रखे 10 हजार रुपये और शर्ट के जेब में रखा 10 हजार रुपये बलपूर्वक लूटने के बाद पर्स को फेंक दिया। आरोपी ने लूटपाट के बाद धमकी देते हुए भाग जाने के लिए कहा। इसकी जानकारी वह अपने परिचितों को दिया, और आरटीओ ऑफिस में जाकर पता किया तो वहां इस नाम का कोई अधिकारी नहीं होने की जानकारी मिली। आरोपी के बारे में पतासाजी करने पर सामने आया कि आरोपी सहजोर अली पिता अयुब अली, सत्तीपारा ईरानी मोहल्ले का रहने वाला है। लूटपाट करने वाले व्यक्ति का नाम, पता ज्ञात होने पर वह घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया था, जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 126(2), 309(4), 204 का मामला दर्ज करके विवेचना में लिया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल ने पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई करने और आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थाना गांधीनगर पुलिस टीम ने आरोपी शहजोर अली पिता अयुब अली 24 वर्ष को पकड़ा और घटना के संबंध में पूछताछ किया तो उसने लूटपाट करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपी द्वारा पूर्व में संजय पार्क के सामने एक अन्य व्यक्ति से 1130 रुपये का लूटपाट किया गया था, जिस पर थाना कोतवाली में धारा 309 (3) बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त मामले में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा भी आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक ललन गुप्ता, आरक्षक राहुल सिंह, रमन मण्डल, मोतीलाल केरकेट्टा, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।

# शराब के नशे में दोस्त को मौत की नींद सुलाया, संदेही गिरफ्तार

## शादी में गया युवक दोस्त के साथ बैठकर पी रहा था शराब, इसी दौरान उपजा विवाद



**छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पोतका में ग्राम हनुमानगढ़ निवासी एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक शादी देखने के लिए पोतका आया हुआ था। पुलिस ने संदेहियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार की रात करीब 8 बजे शीतल 20 वर्ष अपने दोस्त प्रमोद सिंह के घर गया था, जहां दोनों साथ में बैठकर शराब पिए। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर प्रमोद सिंह ने पहले डंडे से हमला किया, फिर टांगी से वार करके शीतल की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी के माता-पिता ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से घर की पूरी सफाई कर दी। इसके बाद प्रमोद सिंह अपने डेढ़ साला राजेश निवासी केवरा के साथ मिलकर शव को पानी से भरे डबरी में फेंक दिया। रात में ही घटना की सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी शिशिरकांत सिंह के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक राजेश चतुर्वेदी, सूरजबली, रवींद्र साहू और देवेंद्र सिंह की टीम ने केवरा और पोतका में छापामार कार्रवाई करके आरोपियों की तलाश शुरू की और सभी संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। सोमवार को सुबह पुलिस ने डबरी से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी उदयपुर भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि करीब एक साल पहले एक शादी समारोह के दौरान दोनों गांवों के युवकों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें हनुमानगढ़ के युवकों ने पोतका के कुछ युवकों की पिटाई कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों गांव के कुछ युवकों के बीच रंजिश चल रही थी। बहरहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।






## जनपद पंचायत कुसमी में सरपंच, सचिवों की बैठक आयोजित

### अवैध गतिविधियों पर सतर्कता बढ़ाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कुसमी में सीईओ श्री अभिषेक पांडेय के द्वारा मादक पदार्थों के अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने तथा प्रशासनिक सतर्कता बढ़ाने के संबंध में क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद सीईओ ने द्वारा अफीम की अवैध खेती से संबंधित विषय पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने सरपंचों एवं सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा वे अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सतर्कता रखते हुए संभावित स्थानों का गहन निरीक्षण करें तथा संदिग्ध स्थानों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने ग्राम पंचायतों के दूरस्थ एवं वन क्षेत्रों का भी अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र का भ्रमण करें और यदि कहीं भी अवैध गतिविधि की आशंका हो तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

जनपद सीईओ ने कहा कि प्रशासन द्वारा अफीम जैसे मादक पदार्थों की अवैध गतिविधियों पर सख्ती से निगरानी रखी जा रही है इसमें पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी सहित क्षेत्र के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे।

# राजस्व से जुड़े प्रकरणों का पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण करें : आर.एस. लाल

## अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री आर. एस. लाल ने राजस्व अंतर्गत विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री चेतन बोरघरिया, आर एन पांडेय, श्री अभिषेक गुप्ता सहित अनुविभागीय अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री लाल ने अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, अवैध ईंट निर्माण पर भी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने प्रभावी नियंत्रण के लिए सघन निगरानी करने के निर्देश भी दिए। धान उठाव की समिति वार समीक्षा करते हुए शासन के नियमों का पालन करते हुए धान उठाव सुनिश्चित करने को कहा।

अपर कलेक्टर श्री लाल ने तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अविवादित-विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, अभिलेख सुधार, नक्शा बटांकन सभी राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने भू अर्जन के लंबित प्रकरणों की स्थिति, आरबीसी 6-4 भुगतान लंबित प्रकरण का अतिशीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।



उन्होंने ई कोर्ट में लंबित प्रकरणों का भी गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि राजस्व न्याय से जुड़े प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरण सीधे आम नागरिकों के हितों से जुड़े होते हैं, इसलिए प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

### जिले में गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता भ्रामक खबरों पर उपभोक्ता न दें ध्यान

अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल ने खाद्य विभाग से एलपीजी की उपलब्धता पर भ्रामक खबरों पर आमजनों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। जिले में गैस भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था पर निगरानी रखते हुए नियमित समीक्षा की जा रही है। उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ता अपने क्षेत्र के अनुसार जिसमें नगरीय क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतराल है। इसके अनुसार उपभोक्ता सिलेंडर बूक करें। जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग पर संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर से संबंधित किसी बुकिंग, वितरण या अन्य किसी समस्या के लिए उपभोक्ता अपने अधिकृत गैस वितरक, जिला प्रशासन के हेल्पलाइन नंबर 92945-21998 या राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 0771-2511975 तथा खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बरतीकला में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन 19 मार्च को

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता एवं समयबद्ध रूप से पहुंचाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में समाधान शिविर आयोजित किया जाना है। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय समाधान शिविर प्रत्येक विकासखण्ड में आयोजित किया जाएगा।

विकासखण्ड वाड्रफनगर में 19 मार्च 2026 को ग्राम पंचायत बरतीकला के हाई स्कूल मैदान में शिविर आयोजित होगा। इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को नोडल एवं संबंधित जनपद सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदनों का पंजीयन कर उनका निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्धारित तिथि में शिविर में उपस्थित होने एवं शिविरों में प्राप्त आवेदनों का यथा संभव शिविर पर ही निराकरण करने के निर्देश भी दिये हैं।

## चैत्र नवरात्रि में कुदरगढ़ महोत्सव हेतु एसईसीएल ने भेंट किए 20 लाख रुपए



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मां कुदरगढ़ी के दरबार में उमड़ने वाली अटूट आस्था और भक्ति को देखते हुए कुदरगढ़ महोत्सव के आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने श्रद्धा और सेवा भाव के साथ बड़ा योगदान दिया है। एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र कुमार पाटले को 20 लाख रुपए की राशि का चेक सौंपकर कुदरगढ़ महोत्सव के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया है।

गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कुदरगढ़ धाम में मां कुदरगढ़ी के दर्शन के लिए दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्तजन कठिन चढ़ाई पार कर मां के दरबार तक पहुंचते हैं और पूरे श्रद्धाभाव से माता के चरणों में माथा टेककर मनोकामनाएं मांगते हैं। ऐसे पवित्र अवसर पर महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा दिया गया यह सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस राशि का उपयोग कुदरगढ़ महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, मार्ग व्यवस्था, विश्राम स्थल, चिकित्सा सुविधा तथा सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में किया जाएगा। इससे महोत्सव में आने वाले भक्तों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर भैयाथान एसडीएम चांदनी कंवर, एसईसीएल बिश्रामपुर के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने मां कुदरगढ़ी की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धाम क्षेत्र की आस्था, विश्वास और धार्मिक परंपरा का प्रमुख केंद्र है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना भी एक प्रकार से माता की सेवा के समान है। ज्ञात हो कि कुदरगढ़ धाम सरगुजा संभाग का प्रसिद्ध शक्तिपीठ माना जाता है। चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां भव्य कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां कुदरगढ़ी की आराधना करते हैं। पूरे पर्व के दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर हो जाता है। एसईसीएल द्वारा प्रदान की गई यह आर्थिक सहायता न केवल महोत्सव के सफल आयोजन में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कोटबहरा में फिर पहुंचा पांच सदस्यीय हाथियों का दल, दहशत में ग्रामीण





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में सोमवार की शाम अचानक पांच सदस्यीय जंगली हाथियों का दल गांव के नजदीक पहुंच गया है। हाथियों को मुख्य मार्ग पर विचरण करते देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। ग्रामीणों के अनुसार शाम के समय जंगल की ओर से हाथियों का दल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ता दिखाई दिया। कुछ ही देर में ये हाथी मुख्य मार्ग के आसपास पहुंच गए, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों में भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह हाथियों का दल बलरामपुर जिले की सरहदी जंगल पट्टी से होते हुए कोटबहरा क्षेत्र में पहुंचा है। पिछले कुछ समय से इन इलाकों में हाथियों की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं, जिसके कारण सीमावर्ती गांवों के लोग हमेशा सतर्क रहते हैं। कोटबहरा के आसपास घने जंगल और खेत होने के कारण हाथियों का दल अक्सर भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर लेता है। यही वजह है कि ग्रामीणों में हर बार हाथियों के आने की खबर से भय और चिंता का माहौल बन जाता है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइश दी। वन अमले द्वारा लोगों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, रात में खेतों की ओर अकेले न जाने और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने की सलाह दी जा रही है।

वन विभाग के कर्मचारियों ने हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। टीम आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर रही है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्र में ज्यादा देर तक न रुके। ग्रामीणों के अनुसार कुछ महीने पहले भी हाथियों का दल इस इलाके में पहुंचा था। उस समय हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाया था। करीब एक दर्जन मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और खेतों में खड़ी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा था। जैसे ही सोमवार की शाम हाथियों के आने की खबर फैली, लोग अपने घरों में सतर्क हो गए। गांव के लोगों का कहना है कि जंगलों के सिमटने और भोजन की कमी के कारण हाथियों का दल अक्सर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ जाता है। इससे ग्रामीणों को हमेशा खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर खदेड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि गांव में किसी प्रकार की जनहानि या बड़ी दुर्घटना की आशंका न रहे। हाथियों की मौजूदगी के कारण पूरे कोटबहरा और आसपास के गांवों में देर रात तक हलचल बनी रही। ग्रामीण सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, वहीं वन विभाग की टीम भी लगातार निगरानी कर रही है।

# समाज की मजबूती आपसी एकता, अनुशासन और सहयोग से ही संभव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** सामाजिक एकता, परंपराओं की मजबूती और सामुदायिक मुद्दों के समाधान को लेकर प्रांतीय महासभा रजवार समाज छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। इस महासभा में प्रदेशभर से आए समाज के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक रूप दे दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज से जुड़े विभिन्न प्रकरणों का निराकरण करना, सामाजिक नियमों की समीक्षा करना तथा समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस निर्णय लेना रहा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज की परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक अनुशासन को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजवार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष लखन लाल राजवाड़े ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता, अनुशासन और सहयोग से ही संभव है। उन्होंने सभी सामाजिक पदाधिकारियों और समाज के लोगों से अपील की कि वे सामाजिक नियमों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ी को भी समाज की परंपराओं और संस्कारों से



जोड़ने का कार्य करें। सभा में प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े, प्रांतीय सचिव सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े और प्रांतीय संचालक नरेश राजवाड़े ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के भीतर उत्पन्न होने वाले विवादों को आपसी संवाद और समझदारी से सुलझाना चाहिए। उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा, जागरूकता और संगठन को सबसे बड़ा आधार बताया। बैठक में सरगुजा जिलाध्यक्ष बालेश्वर राजवाड़े, सूरजपुर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार राजवाड़े, सूरजपुर जिला सचिव मुकेश राजवाड़े, कोरिया जिलाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े और कोरिया जिला सचिव अवधेश प्रताप राजवाड़े सहित कई जिलों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की सामाजिक गतिविधियों और समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कोरिया जिले के उपाध्यक्ष छत्रपाल राजवाड़े, जिला निरीक्षक रामकुमार राजवाड़े, संचालक ईश्वर राजवाड़े, सह संचालक छत्रपाल राजवाड़े तथा विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष और समाज के अनेक वरिष्ठ व युवा प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महासभा के दौरान समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक प्रकरणों और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इन निर्णयों का उद्देश्य समाज में अनुशासन बनाए रखना, पारिवारिक और सामाजिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान करना तथा समाज के लोगों के बीच आपसी सहयोग और भाईचारे को और मजबूत करना बताया गया। सभा के अंत में समाज की एकता, समरसता और आपसी प्रेम-सौहार्द को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया गया।

उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समाज के सभी लोग मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करेंगे तो रजवार समाज आने वाले समय में और अधिक मजबूत, संगठित और प्रगतिशील बनकर उभरेगा।कार्यक्रम के समापन पर समाज के वरिष्ठजनों ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और समाज के विकास के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल को मिला पीएम-राहत योजना का लाभ

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर के मार्गदर्शन में जिले में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-राहत (पीएम-राहत रोड एक्ससीडेंट विक्टिम होस्पिटलिजेसन एन्ड एसुरेड ट्रीटमेंट योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पी एम राहत के अन्तर्गत जिले में प्रथम प्रकरण का पंजीयन एवं उपचार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक का पीएम-राहत योजना के तहत उपचार किया गया। जिसके अंतर्गत जिले के ग्राम पिपराही निवासी श्री हेमंत मिंज, पिता श्री राजेश मिंज, उम्र 26 वर्ष अपने दोपहिया वाहन से गणेशमोड़ की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान अज्ञात दोपहिया वाहन से उनकी टक्कर हो गई, जिससे उन्हें सिर में चोट आई। दुर्घटना के बाद घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उन्हें पीएम-राहत योजना के अंतर्गत पंजीबद्ध कर उपचार प्रारंभ किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशांक गुप्ता ने अस्पताल पहुंचकर घायल मरीज से मुलाकात की तथा उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए मरीज का उपचार पीएम-राहत योजना के प्रावधानों के तहत प्राथमिकता के साथ करने को कहा और सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की पीएम-राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के पश्चात अधिकतम 7 दिनों तक या 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और उनके उपचार में आने वाली आर्थिक कठिनाइयों को कम करना है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से सुशीला को मिला पक्का आवास

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। जिले में भी इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से हजारों परिवारों को पक्की छत मिल चुकी है और उनका जीवन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और बेहतर हुआ है।

विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत टाटीझरिया की निवासी श्रीमती सुशीला को भी इस योजना का लाभ मिला है। श्रीमती सुशीला बताती हैं कि पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। मौसम अनुसार विभिन्न परिस्थितियों में हमेशा डर बना रहता था कि कहीं मकान को क्षति न पहुंचे। सीमित आय होने के कारण पक्का घर बनवाना शुशीला के लिए असंभव था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना के अंतर्गत उन्हें शासन से पक्का मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई। इस



सहायता से उन्होंने अपना पक्का घर बनवाया। अब उनका परिवार सुरक्षित पक्के आवास में रहता है।

श्रीमती सुशीला बताती हैं कि पहले जहां कच्चे घर में रहने के कारण कई तरह की परेशानियां होती थीं, वहीं अब पक्के घर में उनका परिवार सुकून के साथ रहता है। श्रीमती सुशीला प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए केंद्र और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि इस योजना ने उनके परिवार को सुरक्षित जीवन की नई शुरुआत दी है।

# एनजीओ कार्यकर्ता को सीएसआर फंड के नाम पर झांसा देकर करोड़ों का किया ट्रांजेक्शन, 5 आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायगढ़। एक बड़े ऑनलाइन फ्रॉड मामले में रायगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अंतरराज्यीय ठगी से जुड़े गिरोह के पांच आरोपियों को साइबर पुलिस थाना टीम ने गिरफ्तार किया है, जिनके तार कई राज्यों में फैले हुए है। महिला एनजीओ कार्यकर्ता को सीएसआर फंड दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी की गई थी। एनजीओ कार्यकर्ता के खाते का इस्तेमाल कर 2.17 करोड़ का ट्रांजेक्शन किया गया। देशभर में 44 साइबर फ्रॉड शिकायतों में करोडों के धनराशि का खुलासा हुआ है। दरअसल, इंदिरानगर रायगढ़ की रहने वाली महिला आयशा परवीन एनजीओ से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। आयशा परवीन ने 12 मार्च को साइबर थाना रायगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिसंबर 2025 में उसके भांजे ने उसकी पहचान अभय यादव और विजय चंद्रा से कराई थी। विजय चंद्रा ने बताया कि वो एक कंपनी सीएसआर मद से सामाजिक कार्यों के लिए अनुदान देना चाहता है, जिसके लिए उसके संस्थान के पंजीयन से संबंधित दस्तावेज लिए गए। कुछ दिनों बाद विजय चंद्रा ने अपने साथी अजय साहू और सचिन चौहान से आयशा परवीन का संपर्क कराया। आरोपियों ने महिला को भरोसे में लिये, महिला अपने संस्थान के नाम से एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया। खाता खुलवाने के बाद अजय यादव जो पहले



बैंक में काम कर चुका है उसने ऑनलाईन ट्रांजक्शन के लिए एमपिन तथा अन्य लॉगिन संबंधी प्राक्रिया पूर्ण कर खुद ही 10 रुपए मेरे खाते में भेजकर चेक किया। कुछ दिन बाद महिला को कंपनी से नौकरी दिये जाने और अनुदान राशि लेने के लिये गुवाहटी जाने की बात कहने लगे। ठगो ने ही महिला और उसके पति की फ्लाइट टिकट और होटल में रूकने की व्यवस्था किये। हॉटल में शाम में दो अज्ञात व्यक्ति ने खुद को कंपनी की ओर से होना बताकर एनजीओ का बैंक खाता रजिस्टर्ड लेकर मोबाइल पर एपीके फाईल डाउनलोड किये। आरोपियों ने बताया कि अब कंपनी के अधिकारियों के द्वारा खाते को चेक किया जायेगा। उसके बाद कई बार आकर मोबाइल लेकर चेक करने लगे और बोले कि उनके खाते में कोई समस्या आ गई है, जिस कारण पैसे का ट्रांजक्शन नहीं हो पा रहा हैं। लगभग एक सप्ताह तक उन्हें वहीं रखकर विभिन्न ट्रांजेक्शन कराए गए और 12 जनवरी को उन्हें वापस जाने दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी साइबर फ्रॉड गैंग से जुड़े हुए थे। विजय चंद्रा ने गुवाहाटी स्थित गैंग से संपर्क कर महिला के कॉरपोरेट अकाउंट की जानकारी साझा की। इसके बाद आरोपियों ने महिला और उसके पति को गुवाहाटी बुलवाया, जहां होटल में उनके ठहरने की व्यवस्था की गई। वहां गैंग के सदस्यों ने महिला का मोबाइल, चेकबुक आदि अपने पास रखकर उसके मोबाइल में एपीके फाइल इंस्टॉल कराई और उसके बैंक खाते के माध्यम से ट्रांजेक्शन कराए। रायगढ़ लौटने के बाद महिला को बैंक से कॉल आया कि उसके खाते में संदिग्ध लेनदेन हो रहे हैं। 14 जनवरी को बैंक द्वारा बताया गया कि उसके खाते से साइबर फ्रॉड की गतिविधियां हुई। बाद में महिला को देश के विभिन्न राज्यों से मेल प्राप्त हुए, जिनमें उसके खाते में साइबर फ्रॉड से संबंधित विवादित रकम जमा होने की जानकारी दी गई। जांच में पता चला कि 29 दिसंबर 2025 से ही उसके खाते में संदिग्ध ट्रांजेक्शन शुरू हो गए थे। जब महिला ने इस बारे में विजय चंद्रा से संपर्क किया तो उसने बैंक की गलती बताकर समय मांगा, लेकिन बाद में संपर्क से गायब हो गया। महिला की शिकायत पर साइबर पुलिस थाना रायगढ़ में अपराध क्रमांक 03/2026 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। महिला से पूछताछ कर अंतरराज्यीय साइबर ठगी से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




अम्बिकापुर। महामना मालवीय मिशन, अम्बिकापुर द्वारा स्थानीय मालवीय भवन में गीता पाठ एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता के आठवें अध्याय ₹अक्षरब्रह्मयोग₹ पर विचार व्यक्त किए गए। सचिदानन्द पांडेय ने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन के गहन रहस्यों को समझाने वाली दार्शनिक मार्गदर्शिका भी है। ललित मोहन तिवारी ने कहा कि मृत्यु का क्षण ही मनुष्य की आध्यात्मिक साधना की अंतिम परीक्षा है। पण्डित राम नारायण शर्मा ने बताया कि मनुष्य के मन में मृत्यु को लेकर सदैव जिज्ञासा और भय रहा है। गीता मर्मज्ञों ने कहा कि गीता का आठवाँ अध्याय इन प्रश्नों का अत्यंत स्पष्ट और व्यावहारिक उत्तर देता है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मनुष्य अंत समय में जिस भाव का स्मरण करते हुए शरीर त्यागता है, वह उसी भाव को प्राप्त करता है। इस अवसर पर डॉ जी के अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गुप्ता, राज नारायण द्विवेदी, जयप्रकाश चौबे, प्रकाश कश्यप, दुर्गा प्रसाद तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गीता आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन किया गया। इस अवसर पर गीता प्रेमी एवं भगवान कृष्ण के अनन्य भक्तगण उपस्थित थे।

## सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दयनीय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

पत्थलगांव। सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बहुत खराब है। एक शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जब वे अस्पताल के गेट से सिर्फ 50 मीटर दूर थे, लेकिन डॉक्टर और नर्स नहीं मिले। ड्यूटी बोर्ड खाली था और डॉक्टरों का पता नहीं चला। परिजन और लोग आधे घंटे तक मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। इससे पहले भी पत्थलगांव सिविल अस्पताल में मरीजों को घटिया खाना परोसे जाने की शिकायतें आई थीं। अस्पताल के वार्ड में अव्यवस्था पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 6 स्टाफ नर्सों को नोटिस जारी किया था।

## कुंवरपुर बांध में नहाने के दौरान डूबने से 40 वर्ष की महिला की मौत

लखनपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंवरपुर बांध में नहाने के दौरान 40 वर्ष की महिला दुर्गावती पति कैलाश सिंह गोंड की पानी में डूबकर घूमने लगी। आसपास की महिलाओं के शोर मचाने पर दुर्गेश और योगेश महिला को बचाने के लिए पानी में छलांग लगाए परंतु तब तक महिला पानी में डूब चुकी थी। किसी तरह महिला के शव को बाहर निकल गया और लखनपुर अस्पताल लाया गया।

## ब्राह्मण समाज ने किया भगवान परशुराम का कैलेंडर विमोचन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



अंबिकापुर। सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक भगवान परशुराम मंदिर के सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में भगवान परशुराम के कैलेंडर का विमोचन पुजारी महेंद्र उपाध्याय, समाज के अध्यक्ष राजेश तिवारी एवम् कार्यकारिणी की उपस्थिति में किया गया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया को प्रति वर्ष पूरे धूमधाम एवम् हर्षोल्लास के साथ ब्राह्मण समाज के द्वारा मनाया जाता है। इस वर्ष पूर्व की भांति 19 अप्रैल 2026 अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम की पूजा आरती एवम् अखंड रामायण पाठ, 20 अप्रैल 2026 को सायं 4 बजे से स्थानीय दुर्गा मंदिर गांधी चौक से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष समाज के द्वारा आमंत्रण पत्र के साथ भगवान परशुराम का कैलेंडर भी सभी विप्र जनों के घरों में दिया जाएगा। कैलेंडर में भगवान परशुराम के मंदिर में स्थापित मूर्ति के साथ भगवान शिव परिवार का फोटो एवम्परशुराम की आरती है। सभी मुहल्लों में कैलेंडर वितरण हो, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। मुहल्लों में बैठक कर परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी की जा रही है। कैलेंडर विमोचन एवम् बैठक में समाज के संरक्षक सत्येन्द्र पांडेय, सचिव विनोद तिवारी, संयोजक श्रीनिवासन आयंगर, चंद्रसेन तिवारी, सतीश तिवारी, उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, देवेश शुक्ला, रविंद्र तिवारी, सुनील तिवारी, मनोज तिवारी, बच्चू तिवारी, ऋषि पाण्डे, उपेंद्र तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा, विश्वास तिवारी, सूर्यनाथ तिवारी, प्रमोद दुबे, एस डी दुबे, रामकृष्ण पांडेय, धर्मेंद्र दुबे, सुरेश कुमार शर्मा, राहुल पांडेय, राजकुमार पाण्डेय एवम् अन्य विप्र गण उपस्थित थे।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रसोइये

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोइया संघ के आह्वान पर लखनपुर विकासखंड के सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष रसोइयों ने मोर्चा खोलते हुए अब लखनपुर तहसील परिसर में तीन दिवसीय हड़ताल शुरू कर दिया है जहाँ आज पहले दिन इस हड़ताल में बड़ी संख्या में रसोइये इस हड़ताल में शामिल हुए। गौरतलब है कि लखनपुर क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों के रसोइये अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 22 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल में थे। जिसके बाद अब लखनपुर विकासखंड में विभिन्न स्कूलों में कार्यरत रसोइये तीन दिवसीय हड़ताल कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व रसोइयों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने पर क्षेत्र के कुछ माध्यमिक व प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा मध्यान भोजन बना बच्चों को खिलाए जाने की खबर मीडिया ने प्रमुखता के साथ दिखाया था। जिसके बाद अब तीन दिवसीय हड़ताल पर रसोइये मैदान में हैं और लगातार प्रशासन के समक्ष अपनी तीन सूत्रीय माँग पूरी करने की बात कहते नजर आ रहे हैं। रसोइया प्रदेश महासंघ की अध्यक्ष चिंतामणि दास ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के रसोइये अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। तीन सूत्रीय मांगों में वेतन वृद्धि सहित नियमितीकरण व किसी भी रसोइये के पदमुक्ति के समय कलेक्टर की अनुमति जैसी मांगे शामिल हैं। अध्यक्ष ने बताया की रसोइयों को जो मानदेय दिया जाता है वो उनके जीविकोपार्जन के लिए काफी कम है। उन्हें 66 रुपए की दर से मानदेय दिया जाता है जो की आज की बढ़ती महंगाई को देखते हुए काफी कम है तथा वेतन वृद्धि कर सम्मानजनक वेतन दिए जाने की बात कही। फि लहाल लखनपुर के करीब सैकड़ों रसोइये अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में हैं, अब देखना दिलचस्प होगा इनकी माँग पूरी होती है के नहीं। बहरहाल किसी भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के द्वारा इनके हड़ताल को समर्थन देने की सूचना नहीं है।

## धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा की जयंती

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनपुर। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में साहू समाज के द्वारा माता कर्मा जयंती उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। समाज के लोग लखनपुर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित माता कर्मा चौक पहुंचे जहां आराध्य देवी माता कर्मा के प्रतिमा पर माल्याअर्पण करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान समाज प्रमुख ने एक सूत्र में समाज को पिरोने का संदेश दिया गया। समापन के अवसर पर भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। माता कर्मा जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर सुभाष चंद्र गुप्ता, कृपा शंकर गुप्ता, राकेश साहू, दिनेश साहू, बसंत गुप्ता, कपूर चंद गुप्ता, मदन प्रसाद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अवधेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, निशांत गुप्ता, संजय गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नशे में धुत युवकों ने युवतियों के साथ अश्लील हरकत और कमेंट्स, विरोध करने पर भाईयों को पीटा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित लाइट कैफे में बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। यहां नशे में धुत तीन युवकों ने युवतियों के साथ अश्लील हरकत और कमेंट्स किया। इसका विरोध करने पर युवकों ने उनके भाईयों के साथ मारपीट की। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद दोनों पक्षों ने रविवार को जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार घर में केक काटने के बाद शुक्रवार रात 12 बजे लाइट कैफे में खाना खाने पहुंचा था, तभी वहां मौजूद नशे में धुत तीन युवक युवतियों को फ्लाइंग किस देने लगे और अश्लील कमेंट्स कर उठा ले जाने की बात कहने लगे। वहीं जब उनके भाईयों ने इसका विरोध किया, तो युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित परिवार आरपीएफ पोस्ट पहुंचा और मामले की शिकायत की। हालांकि तब तक तीनों युवक फरार हो गए थे। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से तीन युवक एक युवक को बुरी तरह से मार रहे हैं। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लात और घूंसे चल रहे हैं। इसके बाद एक युवक कुर्सी उठाकर दूसरे युवक की ओर फेंककर मारता है और दूसरा युवक भी कुर्सी उठाकर मारने लगता है। इस बीच वहां एक पुलिसकर्मी आ जाता है और मामले को शांत करने की कोशिश करता है। इस मामले में जीआरपी थाना प्रभारी भूपेश राठौर का कहना है कि दोनों पक्षों ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवतियों की ओर से तीन युवकों के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लील हरकत और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई गई है। दूसरे पक्ष ने भी मारपीट के आरोप लगाए हैं। फिलहाल कैफे में लगे सीसीटीवी फूटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि घटना की सच्चाई का पता लगाया जा सके।

## पवित्र ग्रंथ गीता मनुष्य को कर्म करने की देता है प्रेरणाःदीप्ति किरण माहेश्वरी



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

कुरुक्षेत्र। राजसमंद की विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता मनुष्य को कर्म करने की प्रेरणा देता है और जीवन के हर कठिन मार्ग पर चलने का मार्ग दर्शन भी करता है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान के नाथद्वारा में आयोजित 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पवित्र ग्रंथ गीता को जीवन का सार बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ मनुष्य को कर्म करने की प्रेरणा देता है और जीवन के हर कठिन मार्ग पर मार्गदर्शन करता है उन्होंने महिलाओं से अपनी संस्कृति से जुडे और गीता के श्लोकों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस 2 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती दीप्ति किरण महेश्वरी को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा व गुरनाम सिंह सैनी ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## घाटकोपर पूर्व में सरकारी योजनाएं अब आपके दरवाजे पर शिविर लगाया

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मुंबई,: भाजपा विधायक पराग शाह के मार्गदर्शन में घाटकोपर पूर्व विधानसभा के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण लोकसेवा उपक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार के कुर्ला तहसीलदार कार्यालय की तरफ से आयोजित ह्लछत्रपति शिवाजी महाराज-महाराजस्व समाधान शिविर अभियानह्व शनिवार, 2026 को शेठ धनजी देवशी राष्ट्रीय स्कूल में उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। ह्लसरकारी योजनाएं अब आपके दरवाजे परह्व संकल्पना के तहत लगाए गए इस कैंप में अलग-अलग सरकारी सर्टिफिकेट, एप्लीकेशन फॉर्म, नई योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लोगों को मार्गदर्शन करने के लिए एक खास कमरा भी बनाया गया था। दफ कोड के जरिए डिजिटल जानकारी मिलने की वजह से लोगों को आसान और जल्दी सेवा मिली। घाटकोपर इलाके के सैकड़ों लोगों का जबरदस्त प्रतिसाद देखने को मिला। इस अवसर पर मुंबई की मेयर ऋतुताई तावड़े, नगरसेविका राखीताई जाधव, नगरसेवक धर्मेश गिरी, नगरसेविका निर्मिती कनाडे समेत भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। यह पहल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अंत्योदय इस संकल्पना पर आधारित थी। उक्त उपक्रम प्रशासन और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करने और एक ही छत के नीचे सरकार की अलग-अलग योजनाओं का फायदा देने की एक ईमानदार कोशिश थी। विधायक पराग शाह ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए कुर्ला तहसीलदार कार्यालय, ज़िला प्रशासन और बड़ी संख्या में मौजूद सभी नागरिकों का दिल से शुक्रिया अदा किया। इस शिविर के बारे में नगरसेवक धर्मेश गिरी ने कहा कि विधायक पराग शाह के जरिए इलाके के नागरिकों को सरकार की अलग-अलग योजनाओं का फायदा देने के लिए यह शिविर लगाया गया था

# नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता : सीएम

## अयोध्या में राम मंदिर भी बना और गुलामी का कोई चिह्न भी नहीं बचा

संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ईनाणी सिटी सेंटर, चित्तौड़गढ़ में जौहर श्रद्धांजलि समारोह में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के महापुरुषों ने शौर्य व पराक्रम के साथ जुड़ने का आह्वान किया था। आजादी के आंदोलन में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने 26 वर्ष की आयु में 1857 में अंग्रेजों के विरुद्ध शंखनाद किया था। 27 वर्ष की आयु में उनका बलिदान हो गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था। जापान, सिंगापुर, पोर्ट ब्लेयर, म्यांमार में उनके योगदान का स्मारक हमारा आह्वान करता है। सीएम ने काकोरी के नायकों के अलावा वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। कहा कि 1893 में शिकागो की धर्मसभा में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। यह उद्घोष भारत को एकता के सूत्र में बांधता है। नेपाल में भी हिंदुओं का यह भाव हर व्यक्ति को जोड़ता है।

यूपी में जब हमारी सरकार बनी तो प्रदेशवासियों से कहा कि अपराध-अपराधियों, नारी गरिमा-सुरक्षा के मामले में सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत काम करेगी। किसी ने बहन-बेटी की सुरक्षा पर हाथ डाला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार कर रहे होंगे।

25 करोड़ वाले उत्तर प्रदेश में बेटियां अब स्कूल भी जाती हैं, नाइट शिफ्ट में काम भी करती हैं और सकुशल घर आती हैं। हर नारी को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की गारंटी हर भारतीय नारी का अधिकार होना चाहिए। सीएम योगी ने भारत की अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए महाराणा सांगा के शौर्य का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, महाराणा सांगा के शरीर पर 80 घाव थे। लेकिन, उन्हें स्वयं की नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता की चिंता थी। घाव पर घाव सहते गए पर विधर्मियों को घुसने नहीं दिया। महाराणा प्रताप ने महज 27 वर्ष की आयु में ही अकबर के खिलाफ युद्ध लड़ा था। उन्होंने अकबर को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। भारत के इतिहास ने हमेशा उनके शौर्य का स्मरण किया है। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम परमपिता परमेश्वर हैं, लेकिन वह राम तब बन पाए, जब उन्होंने कहा कि मैं इस धरती को राक्षसविहीन कर दूंगा। वह भी केवल यह कहते कि मैं अयोध्या का राजा हूं, मुझे कुछ नहीं करना है तो वह राम जैसा सम्मान नहीं पाते। राजस्थान के लाखों नौजवान राम मंदिर आंदोलन में कूद पड़े थे। जब पूर्वजों के प्रति मन में भाव होता है तो परिणाम आने में देर नहीं लगती। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया, वहां गुलामी का कोई चिह्न नहीं बचा। देश एकजुट होकर एक दिशा में चलता है और जाति के नाम पर बांटने वाले नेताओं से सावधान रहता है तो हर भारतवासी को राम मंदिर जैसा सम्मान प्राप्त होता है। कंस के अत्याचार से त्रस्त मथुरा को अभय प्रदान करने के लिए श्रीकृष्ण को संकल्प लेना पड़ा था कि सज्जन शक्ति का संरक्षण करूंगा, लेकिन दुर्जनों के संहार में संकोच नहीं करूंगा। सीएम योगी ने कहा कि भारत का वैभव हमेशा प्रेरणा प्रदान करता है। वैदिक कालीन भारत, आदर्श भारत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित भारत, जहां किसान उत्पादक था, कारीगर उद्यमी और व्यापारी राष्ट्र को जोड़ने का सेतु।

ग्राम स्वराज हमारी पहचान थी। आक्रांता साम्राज्य नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ और संस्कृति, परंपरा व बौद्धिक संपदा को रौंदते-लूटते हैं। उन्होंने शोषण की जो प्रवृत्ति पैदा की, उसका दुष्परिणाम था कि किसान उत्पादक से उपभोक्ता और उपभोक्ता से कर्जदाता हो गया। कारीगर श्रमिक होकर बेरोजगार हो गया। व्यापारी कर्ज के बोझ से आजीविका के लिए भटकने लगा। औपनिवेशिक कालखंड के शोषण के इस दुष्चक्र को समाप्त करने के लिए आजादी के बाद वर्ष दर वर्ष बीतते गए, लेकिन भारत की अस्मिता को पहचानने का प्रयास नहीं किया गया। अब आत्मनिर्भर व विकसित भारत की नींव को मजबूत बनाने की आधारभूत इकाई ग्राम पंचायतें, ग्राम सभाएं व कस्बे बनेंगे।

### बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा प्रताप के वंशज मंच पर बैठे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं, एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है...। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं। रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मयार्दा सदैव अमर है और रहेगी। सनातन धर्म कभी पददलित नहीं होगा। हमने अनेक चुनौतियां का मुकाबला किया और करेंगे, लेकिन हमारी अमरता पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। मातृशक्ति का साहस अजेय था और रहेगा। स्वाभिमान की ज्वाला भी शाश्वत बनी रहेगी।

### ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

**जालौर/लखनऊ।** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो सदैव बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर देते हैं, ने उस बच्चे के मनोभाव को समझते हुए तत्काल उसके मन की मुराद पूरी कर दी। दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान में रहे। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया। बच्चे से उसका नाम, क्लास आदि की जानकारी ली, फिर मोबाइल लेकर अपने हाथों से बच्चे के साथ सेल्फी खींची। इस पर आह्लादित बच्चे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री ने यहां अपने विचार भी व्यक्त किए। अतिथियों ने मुख्यमंत्री का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। अंत में मुख्यमंत्री ने स्कूल के शिक्षकों, बच्चों, कलाकारों आदि के साथ फोटो खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी प्रदान की।

- सीएम योगी ने बच्चे संग खींची सेल्फी, बच्चे को किया दुलार, चॉकलेट भी दी



# अमित शाह का कांग्रेस पर आरोप

## कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ हड़पे : शाह

एजेंसी



गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा, 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा, 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए। उन्होंने कहा, इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उताकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे, लेकिन इसके लिए एक सही मंच होता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, संसद लोकतंत्र की पवित्र जगह है। इसकी सीढ़ियों का इस्तेमाल धरने के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए और राहुल गांधी वहां चाय-पकौड़ा खा रहे थे। क्या उन्हें पता नहीं कि नाश्ता कहां करना चाहिए? इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया। उन्होंने असम कैंसर केयर फाउंडेशन (एसीसीएफ) के तहत गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन तरीके से उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपए), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़ रुपए) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़ रुपए) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।

## न्यायिक प्रणाली को अस्पतालों की तरह ही सेवा भाव से काम करना चाहिए : सीजेआई सूर्यकांत



मंडी (हिमाचल प्रदेश)। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं। मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि न्याय केवल अदालत तक सीमित नहीं है।

## संक्षेप

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार की मौत

रामल्ला (वेस्ट बैंक)। उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद-उल-फितर के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है।

## वाराणसी के मंदिर में गैस की किल्लत सरकार की विफलता को दर्शाती है : माकपा महासचिव

नयी दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम ए बेबी ने रविवार को कहा कि वाराणसी के अन्नपूर्णा मंदिर में सामुदायिक रसोईघरों में एलपीजी की किल्लत की खबरें उत्तर प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारों की विफलतौ को दर्शाती हैं।

बेबी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वाराणसी में जन आक्रोश जत्थे के लिए पहुंचने पर उन्हें मंदिर के अन्न क्षेत्रों के बंद होने की जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि ये अन्न क्षेत्र दशकों से रोजाना हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराते रहे हैं, लेकिन एलपीजी संकट के कारण पहली बार इन्हें बंद करना पड़ा है। बेबी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपने संसदीय क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर के अन्न क्षेत्र, जो दशकों से रोजाना हजारों लोगों को भोजन करा रहे थे, एलपीजी संकट के कारण पहली बार बंद हो गए हैं। यह मोदी-योगी आदित्यनाथ सरकारों की विफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि खोखले शब्द इस सच्चाई को छिपा नहीं सकते और सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## भारत-ईयू संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं,

जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे।

मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है। भारत और यूरोपीय यूनियन ने 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ईयू के शीर्ष नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

- विदेश मंत्री जयशंकर की दो दिवसीय ब्रसेल्स यात्रा शुरू



## दिग्विजय नाथ पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ

गोरखपुर। दिग्विजय नाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज दिनांक 15 मार्च 2026 को बड़े उत्साह, अनुशासन और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सहजनवा के प्राचार्य प्रोफेसर विनोद कुमार पाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, युगपुरुष महंत दिग्विजय नाथ जी महाराज तथा राष्ट्रसंत महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इसके उपरांत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने कार्यक्रम को भक्तिमय और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा०प्र०क्र० ब/121 वर्ष**
**ग्राम– प०ह०न**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल राजवाड़े पिता जमुना प्रसाद जाति रजवार निवासी ग्राम बसकर प.ह.न रा०नि०म० भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छःग) द्वारा पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र / पुत्री शाक्षी राजवाड़े का जन्म / मृत्यु दिनाँक 29-9-2013 को ग्राम बसकर मे हुई है अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजियन नहीं करा पाया है आवेदक अपने पुत्र/पुत्री शाक्षी राजवाड़े का जन्म/मृत्यु पंजीयन हेतु ग्रान पंचायत बसकर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27/03/26 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार किया जावेगा। आज दिनाँक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत गिरजापुर जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी नेताम पिता/पति श्री शंकर सिंह नेताम निवासी गिरजापुर के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं० 192/7 रकबा 0.06 हे0 जो ग्राम गिरजापुर प.ह.नं.23.रा०नि०मं० ओड़गी.तहसील ओड़गी जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 27/03/2026 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 03/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ०ग०)**
**रा०प्र०क्र० अ-2/2025-26**
**- ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत सिरसी/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा पटेल पिता/पति श्री रामलाल उत्तम निवासी सिरसी के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं० रकबा 0.07 हे० जो ग्राम सिरसी प.ह.नं.14 रा०नि०मं० भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 17/03/2026 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 07/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०)**
**ईस्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि बसमतिया पिता हरिसाय जाति उराव निवासी नानदमाली तहसील दरिमा जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्त्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम नानदमाली तहसील दरिमा जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा न0 301/156 रकबा 0.405 हे० मेसे 0.120 हे० भूमि को कृषि भिन्न ओद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी- 1 खसरा नक्शा पंचायत प्रस्ताव, सेटलमेन्ट की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो. तो निर्धारित सुनवाई तिथि 17/03/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा).
अम्बिकापुर

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय लखनपुर जिला सरगुजा (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**लखनपुर दिनांक 23/02/2026**

प्रति,
समस्त ग्रामवासी,
ग्राम- लैगा
तहसीलदार-लखनपुर

एतद् द्वारा आज जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार आ० दशरू निवासी ग्राम लैगा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने पिता स्व० दशरू की मृत्यु दिनांक 11/10 /2008 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु) रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ०ग० जन्म मृत्यु रिज० नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिस पर दिनांक 16/03/2026 को सुनवाई की जानी है। आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह. स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 16/03/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई नहीं किया जायेगा।

तहसीलदार
लखनपुर जिला सरगुजा (छ०ग०)


## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति के सभापति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी जॉच समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सभापति अंगद कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी, बैठक के दौरान राय धर्मेन्द्र सिंह विधान परिषद सदस्य, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश कुमार एवं समिति के सम्मानित सदस्यगण एवं विद्युत विभाग व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक के दौरान सभापति व समिति के सदस्यगण ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत, जनपद में औसत विद्युत आपूर्ति का विवरण, विद्युत उपभोक्ता लोड के अनुरूप ट्रांसफार्मर की स्थिति व उसके रख-रखाव की व्यवस्था, 1912 पर विद्युत से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व मीटर रीडिंग, प्राथमिक विद्यालयों व आगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युतीकरण व बिलों के भुगतान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण व कार्यवाही के सम्बन्ध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की, बैठक के दौरान सभापति ने कहा कि विद्युत समस्या से सम्बन्धित उपभोक्ता द्वारा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाये, 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, कृषक बन्धुओं की आजीविका व कृषि खेती सुचारू ढंग से हो, इसके लिए विद्युत आपूर्ति निर्धारित समयावधि में की जाये, जनप्रतिनिधि द्वारा प्राप्त प्र्स्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, ट्रांसफार्मरों के मरम्मत का कार्य भी निर्धारित समय के अनुसार सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान सभापति कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित भारत की जो संकल्पना ली है उसे पूर्ण करने हेतु सभी विभागों को मिल-जुलकर कार्य करना होगा तभी देश विकसित भारत बनेगा, इस दौरान सभापति ने कहा कि विजलेन्स टीम द्वारा छापे मारी की कार्यवाही लाइनलाश वाले क्षेत्रों मे अधिक की जाये विजलेन्स टीम द्वारा छापे-मारी के दौरान जॉच पारर्दशिता के साथ की जाये, विद्युत उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये बेसिक शिक्षा विभाग के जिन विद्यालयों में अब तक विद्युत कनेक्शन नहीं दिये गये है उन विद्यालयो में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन दिये जाये जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ हुई है उसकी सूची उपलब्ध करायी जाये और जिन प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन तार गये है उन तारो को हटाने की कार्यवाही की जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक में जॉच समिति द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उसका अनुपालन अधिकारीगण निर्धारित समय अवधि में सुनिश्चित करेंगें,

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ छत्तीसगढ़ का सामूहिक विवाह

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। छत्तीसगढ़ ने सामाजिक समरसता, जनभागीदारी और संवेदनशील शासन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है। एक ही दिन में हजारों जोड़ों का विवाह संपन्न कराकर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक एकता और अंत्योदय की भावना का ऐसा प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसकी देशभर में सराहना हो रही है। 10 फरवरी को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सान्निध्य में पूरे प्रदेश से कुल 6,412 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें से 1,316 जोड़ों का विवाह रायपुर में प्रत्यक्ष रूप से संपन्न हुआ, जबकि शेष जोड़े प्रदेश के विभिन्न जिलों से वर्चुअल माध्यम से इस ऐतिहासिक आयोजन से जुड़े। सभी विवाह धार्मिक परंपराओं और सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुरूप संपन्न कराए गए, जिससे यह आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर सामाजिक समरसता और सामूहिक खुशियों का विराट उत्सव बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और गौरव का विषय है। इस समारोह की विशेषता यह भी रही कि इसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के जोड़ों ने अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न किए। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, आपसी सद्भाव और सर्वधर्म समभाव की भावना का जीवंत प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान, विश्वास और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन गई है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों का विवाह बड़ी चिंता का विषय होता था, लेकिन इस योजना ने उस चिंता को दूर कर हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशियां और विश्वास का संचार किया है।

# रामजीवन देवांगन ने राज्य आयुक्त दिव्यांगजन का पदभार ग्रहण किया

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रामजीवन देवांगन ने आज माना कैम्प, रायपुर स्थित कार्यालय में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन, छत्तीसगढ़ के पद का कार्यभार ग्रहण किया। देवांगन न्यायिक क्षेत्र में लंबे समय तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं और उन्हें प्रशासनिक तथा न्यायिक कार्यों का व्यापक अनुभव है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने न्यायिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात देवांगन ने कहा कि राज्य में दिव्यांगजनों के अधिकारों की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा तथा दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए राज्य आयुक्त कार्यालय सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार - विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में चिकित्सक संगठन एवं मेडिकल छात्राओं ने सौजन्य मुलाकात की और प्रदेश को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार लगातार प्राथमिकता के साथ बेहतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेशवासियों को सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता था, जिसमें लगभग 100 से 150 सीटें थीं। आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 14 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग 1400 सीटें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, नर्सिंग सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित हुए हैं, जिनका लाभ प्रदेश के विद्यार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में मेडिको सिटी की स्थापना की जा रही है, जहां बड़े-बड़े सुपरस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करें सभी खेल स्थलों को - यशवंत कुमार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार ने छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आज रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालनालय में आयोजित बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं में लगे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त समय रहते सभी इंतजाम पुख्ता रूप से सुनिश्चित करने को कहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक में कहा कि खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स राष्ट्रीय महत्व और छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन है। इससे संबंधित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त, पुख्ता एवं चौक-चौबंद होने चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को कार्यों में तेजी लाते हुए पर्याप्त समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन के लिए चिन्हांकित सभी खेल स्थलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने को कहा। विभागीय सचिव कुमार ने खेल मैदानों, खिलाड़ियों के ठहरने की जगहों, विमानतल और रेल्वे स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में स्टॉफ तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि आयोजन में भाग लेने पहुंचने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को ट्राइबल गेम्स में हिस्सेदारी के लिए विभिन्न राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले प्रतिभागियों को यहां की संस्कृति, पुरातत्व एवं कला की जानकारी देने के साथ ही पर्यटन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा। सचिव ने आयोजन में विभिन्न भाषाओं वाले राज्यों की भागीदारी को देखते हुए उन भाषाओं के जानकार अधिकारियों-कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनूजा सलाम और उप संचालक श्रीमती रश्मि ठाकुर सहित रायपुर जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, परिवहन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन, जनसंपर्क, स्वास्थ्य विभाग, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी बैठक में मौजूद थे। अंबिकापुर और जगदलपुर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से बैठक में शामिल हुए। रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में 25 मार्च से 3 अप्रैल तक होंगे नेशनल ट्राइबल गेम्स छत्तीसगढ़ की मेजबानी में रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में 25 मार्च से 3 अप्रैल तक नेशनल ट्राइबल गेम्स की 7 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसमें दो अन्य खेलों, कबड्डी और मलखंब को डेमो के रूप में शामिल किया गया है। हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और तीरंदाजी की स्पधाएंं रायपुर में होंगी। वहीं जगदलपुर में एथलेटिक्स और अंबिकापुर में कुश्ती की प्रतियोगिताएं होंगी। डेमो खेलों में कबड्डी का रायपुर में और मलखंब का प्रदर्शन अंबिकापुर में किया जाएगा। देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में 30 राज्यों के 2500 खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अधिकारी शामिल होंगे।

# दो स्थानों पर लगी आग पर समय रहते पाया गया नियंत्रण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। वन विभाग की त्वरित कार्यवाही से जशपुर वनमंडल अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर लगी वनाग्नि को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया है। डीएफओ जशपुर के निर्देशन में की गई कार्यवाही के फलस्वरूप बड़ी वन क्षति होने से बचाव हो गया है। वनमंडलाधिकारी जशपुर शशिकुमार ने बताया कि 14 मार्च 2026 की रात्रि में दुलदुला वन परिक्षेत्र के रानीबंध क्षेत्र तथा बगीचा वन परिक्षेत्र के अहिनमाड़ा जंगल में आग लगने की सूचना दूरभाष के माध्यम से वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल सक्रिय हो गया और मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण के लिए कार्यवाही प्रारंभ की गई। दुलदुला वन परिक्षेत्र अंतर्गत रानीबंध क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र के वन अमले ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रात्रि में ही त्वरित प्रयास करते हुए आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इसी प्रकार बगीचा वन परिक्षेत्र के अहिनमाड़ा जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा सुश्री यशस्वी मौर्य, प्रशिक्षु भा.व.से. स्वयं वन अमले के साथ मौके पर पहुंचीं। लगातार प्रयास करते हुए रात्रि लगभग 12 बजे तक आग को आसपास के वनों में फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। वन विभाग की तत्परता और समन्वित प्रयासों के कारण दोनों स्थानों पर आग को शीघ्र नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी वन क्षति नहीं हुई। विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और गश्त की जा रही है, ताकि आग की पुनरावृत्ति को रोका जा सके और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को भी वनों में आग लगने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा उनसे वन संरक्षण में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई है। विभाग ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे वनों में आग न लगाएं तथा कहीं भी आग लगने की घटना दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें, जिससे समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके। वनाग्नि की सूचना देने के लिए नागरिक संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारियों से सीधे संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए सन्ना वन परिक्षेत्राधिकारी का दूरभाष नंबर 9302959850, मनोरा वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9893283085, जशपुर वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 7999374719, दुलदुला वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9406042064, तपकरा वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 6267954237, कुनकुरी वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9424182112, कांसाबेल वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 9098098347, बगीचा वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 8826088150 तथा पत्थलगांव वन परिक्षेत्राधिकारी का नंबर 8770575577 है। वन विभाग ने कहा है कि वनों में जानबूझकर आग लगाने अथवा आग लगाते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं 79 तथा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। वन विभाग जशपुर ने सभी नागरिकों से वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ वन्यजीवों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

# महुआ को सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत करने पर जशप्योर स्टॉल को मिली सराहना

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरटीआई), नवा रायपुर द्वारा 13-14 मार्च 2026 को आयोजित आदि परब-2026 कार्यक्रम 'परंपरा से पहचान की ओर'ह्व थीम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान, हस्तशिल्प और वन आधारित उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों, शोधकताओं, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आगंतुकों ने भाग लिया। इस आयोजन में जशपुर जिले के ब्रांड जशप्योर द्वारा भी स्टॉल लगाया गया, जिसे आगंतुकों, अधिकारियों और विशेषज्ञों से व्यापक सराहना प्राप्त हुई। स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों की उच्च गुणवत्ता, पारंपरिक प्रसंस्करण पद्धति और प्रीमियम पैकेजिंग को लेकर लोगों ने विशेष रुचि दिखाई। स्टॉल का मुख्य आकर्षण महुआ आधारित उत्पाद रहे। बड़ी संख्या में आगंतुकों ने महुआ के पारंपरिक उपयोगों के साथ-साथ उसे पोषण से भरपूर एक प्राकृतिक सुपरफूड के रूप में प्रस्तुत करने की पहल की सराहना की। जय जंगल द्वारा महुआ को केवल पारंपरिक मद्य से जोड़कर देखने की धारणा से बाहर निकालते हुए उसे स्वास्थ्य, पोषण और पारंपरिक खाद्य प्रणाली के रूप में स्थापित करने का प्रयास लोगों को विशेष रूप से आकर्षित करता दिखाई दिया। जशप्योर, जशपुर जिले से शुरू हुई एक पहल है, जिसका उद्देश्य जंगल और जनजातीय समुदायों से जुड़े पारंपरिक खाद्य संसाधनों को सम्मानपूर्वक मुख्यधारा तक पहुँचाना है। यह पहल प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच से प्रेरित है जिसमें महुआ को केवल शराब तक सीमित न रखकर उसे पोषण, स्वास्थ्य और जनजातीय आजीविका के महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया है। आदि परब-2026 में जशप्योर का प्रतिनिधित्व अनिश्वरी भगत एवं प्रभा साय द्वारा किया गया, जिन्होंने आगंतुकों को उत्पादों की विशेषताओं, पारंपरिक प्रसंस्करण विधियों तथा महुआ के पोषण महत्व के बारे में जानकारी दी। स्टॉल पर बड़ी संख्या में लोगों ने उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और जशपुर से जुड़ी इस पहल की सराहना की। जशप्योर के माध्यम से महुआ, मिलेट्स और पारंपरिक रूप से संसाधित चावल जैसे उत्पादों को आधुनिक उपभोक्ताओं तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें जनजातीय महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह पहल न केवल पारंपरिक खाद्य प्रणालियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास है बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका को भी सशक्त बना रही है।

# मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत द्वारा आयोजित चन्ड्र जी रात, सिंधिन जो मेलो-आनंद मेलो में हुए शामिल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित बीटीआई मैदान में छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत द्वारा आयोजित ह्यचन्ड्र जी रात, सिंधिन जो मेलो - आनंद मेलो में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सिंधी समाज का इतिहास पुरुषार्थ और साहस का इतिहास है। विभाजन की विभीषिका की पीड़ा सबसे अधिक सिंधी समाज ने झेली। उस कठिन समय में आपके पूर्वजों ने अपनी संपत्ति छोड़ी, अपना घर छोड़ा, लेकिन अपना आत्मसम्मान और परिश्रम करने का स्वभाव कभी नहीं छोड़ा। शून्य से शिखर तक कैसे पहुँचा जाता है, यह सिंधी समाज ने आज पूरी दुनिया को सिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरक्की में सिंधी समाज की प्रमुख भूमिका रही है। चाहे वह चेंबर ऑफ कॉमर्स हो या प्रदेश का छोटा-बड़ा व्यापार, आपकी मेहनत से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। आप केवल व्यापार ही नहीं करते, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। भविष्य में हमने विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का जो सपना देखा है, उसमें सिंधी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के तहत किए गए अधिकांश वादों को पूरा कर लिया है और लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज बी.टी.आई. ग्राउंड में जो उत्साह दिखाई दे रहा है, वह बताता है कि सिंधी समाज अपनी जड़ों से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। ह्यसिंधियत जो मेलो जैसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, खान-पान और सिंधी भाषा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही उन्हें पवित्र शदाणी दरबार में संतों का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वहाँ जो स्नेह और आत्मीयता उन्हें मिली, वही अपनापन आज यहाँ भी महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज की यही एकजुटता उसकी सबसे बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी प्रदेशवासियों को चेट्रीचंड्र पर्व की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मुख्य मंच से सिंधु दर्शन यात्रा का भी विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, धमतरी महापौर रामू रोहरा, छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत अध्यक्ष अमर गिदवानी, श्रीचंद सुंदरानी सहित सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि व महोत्सव के लिए सज रहा माँ बागेश्वरी का पावन धाम कुदरगढ़

## सीर्ली सेटिया समेत प्रदेश व स्थानीय नामचीन कलाकार बिखेरेंगे सुरों का जलवा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर माता कुदरगढ़ी की पुण्यभूमि एक बार फिर भक्ति, संस्कृति और उल्लास से सराबोर होगी।

जिले के विकासखंड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 23 मार्च से 25 मार्च तक किया जाएगा। आस्था और उत्सव के इस अनूठे संगम में जिले के नागरिक, श्रद्धालु एवं संस्कृति प्रेमी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगें। महोत्सव के प्रथम दिन 23 मार्च को सुप्रसिद्ध ''भजन बैंड-लीला'' अपनी मनमोहक भक्तिमय प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव-विभोर करेगें। वहीं महोत्सव के समापन दिवस 25 मार्च को सुप्रसिद्ध गायिका सीर्ली सेटिया अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी, जो नि:संदेह महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा। तीनों दिन स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी कलाकारों द्वारा भक्तिमय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो की मनहोहक व कर्णप्रिय प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो क्षेत्र की लोक परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करेंगी। यह तीन दिवसीय महोत्सव 23 से 25 मार्च तक पर्वतवासिनी माँ बागेश्वरी के पावन धाम कुदरगढ़ में आयोजित होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू होगा, जो देर शाम तक चलेगा। जिला प्रशासन सूरजपुर ने जिले के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि वे कुदरगढ़ महोत्सव के इस भव्य आयोजन में अपनी गरिमामय उपस्थिति से महोत्सव को भव्य बनाएं।

### आयोजन की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

माँ बागेश्वरी के पावन धाम कुदरगढ़ में आयोजित चैत्र नवरात्रि मेला एवं 3 दिवसीय महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और लोकन्यास ट्रस्ट के द्वारा व्यापक तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है। आयोजन स्थल की साफ सफाई से लेकर श्रद्धालुओ एवं दर्शकों के बैठक व्यवस्था के लिए भव्य डोम लगाया जा रहा है तो वहीं सुविधाओ के विस्तार हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। समूचे मेला व महोत्सव परिसर को रौशनी से सराबोर करने विधुत विस्तार कर सजाया जा रहा है। तो वहीं आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों की भीड़ को देखते हुए वाहनों की पार्किंग व अन्य सुविधाओं के दृष्टिगत व्यापक इंतजाम किए जा रहे है। आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन ने विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी है, तय की गई जिम्मेदारी में कोई कसर ना रहे और व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रहे इसके लिए सम्बंधित अधिकारी तैयारियों में लगे हुए है।



# यूपी के विंध्याचल से पकड़ा गया अमानत में खयानत का फरार आरोपी

## पूर्व में कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ चुके है 3 आरोपी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** अमानत में खयानत मामले के फरार आरोपी को पुलिस ने उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि 14 जनवरी को ग्राम नयनपुर के अमित पाण्डेय ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके यू.बी. वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड प्लाट नयनपुर से ट्रक क्रमांक यूपी 61 एटी 2832 के चालक राहुल सिंह यादव में 30 टन 160 किलो सरिया लोड कर भदौरी उत्तरप्रदेश के लिए निकला था जो बेईमानीपूर्वक अमानत में खयानत कर उक्त सरिया कीमत 15.23 लाख रूपये का गायब कर दिया है। प रिपोर्ट पर धारा 316(3), 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2), (ए), 238, 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। पूर्व में 01 फरवरी को आरोपी मनीष यादव, सूरज सोनी, मनीष सिंह परिहार को गिरफ्तार कर सरिया बिक्री की रकम से खरीदे गए ट्रक सहित 2 अन्य ट्रक कीमत 1.50 करोड़ का जप्त किया था। इस मामले में आरोपी सुनील विश्वकर्मा फरार था। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी कर पकड़ने पुलिस टीम गठित कर लगाया था। सूरजपुर पुलिस प्राप्त सूचना व तकनीकी मदद से उत्तरप्रदेश के विंध्याचल जिला मिर्जापुर में दबिश देकर आरोपी सुनील विश्वकर्मा पिता राधेश्याम विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष ग्राम बहुर थाना सिंगरामऊ जिला जनपद जौनपुर उत्तर प्रदेश को पकड़ा। पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार किया जिसे विधिवत् 16 मार्च को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी व सीएसपी बेनार्ड कुजूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई देवनाथ चौधरी, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, चन्द्रप्रकाश साहू सक्रिय रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** माध्यमिक शाला देवनगर में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सीनियर छात्रों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और भावनाओं से भरा हुआ नजर आया।



कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और अन्य मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में बिताए गए यादगार पलों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय से मिली शिक्षा, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके जीवन में सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। जूनियर विद्यार्थियों ने भी सीनियर छात्रों से प्रेरणा लेते हुए विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका सविता साहू ने विदाई गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। इसके पश्चात शिक्षिका नेहा साव द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में संस्था के प्रधान पाठक द्वारा कल से प्रारम्भ हो रहें केंद्रीयकृत परीक्षा के लिए शुभकामनायें दिए और सभी विद्यार्थियों को स्वरूचि भोज कराया गया।

बच्चों के इस विदाई कार्यक्रम मे कई अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। इस अवसर ओर विद्यालय के शिक्षक व्रत राम अग्नू कश्यप, अशोक साहू, गुलाब राम यादव, बालेश्वर इक्का, जूही मेहता, नेहा साव, अनूप कुमार, सविता साहू उपस्थित रहें।

# संयुक्त टीम की जांच में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 17 सिलेंडर जब्त

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी श्री नीर निधि नंदेहा मार्गदर्शन में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, खाद्य निरीक्षक, पटवारी सहित संयुक्त टीम के द्वारा वाड्रफनगर के विभिन्न होटल, ढाबा, प्रतिष्ठानों में जांच की गई जांच में घरेलु गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए 17 नग बड़े गैस सिलेंडर और एक नग छोटा सिलेंडर ज़ब्त किया गया।

# भाजपा आई टी सेल के बलरामपुर जिला प्रभारी बनाये गए एजाज अहमद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**



**सूरजपुर।** भाजपा ने अपनी आई टी सेल को मजबूती देने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए जिला प्रभारियों की सुची जारी की है। जारी सूची में एजाज अहमद को बलरामपुर आई टी सेल के जिला प्रभारी का दायित्व सौपा गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ नवीन मार्कण्डे ने आई टी सेल के जिला प्रभारियों की सुचि जारी की है। जिसमें प्रदेश संयोजक आई टी सेल सुनील पिल्लई के नेतृत्व में सूरजपुर जिले के एजाज अहमद को बलरामपुर जिले का आई टी सेल प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि एजाज अहमद पहले भी युवा मोर्चा सहित दो बार आई टी सेल के जिला संयोजक का पद संभाल चुके हैं। पार्टी ने उनकी निष्ठा को देखते हुए प्रदेश में जिम्मेदारी सौंपी है। एजाज की नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। नियुक्ति को लेकर एजाज ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका पूरी निष्ठा ईमानदारी और लगन से पालन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने के साथ प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने का कार्य करेंगे। जिला प्रभारी बनाए जाने पर एजाज उर्फ जिम्मी ने जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी सहित मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री रामविचार नेताम, विधायक भुलन सिंह मरावी, शकुंतला पोर्ते वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

# प्राथमिकता के आधार पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें सुनिश्चित : पाटले

## 0 कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियों पर की गई चर्चा 0 जिपं सीईओ ने समय सीमा की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** सोमवार को यहां कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आहुत की गई। जिसमें जिले की विभिन्न प्राथमिकताओं पर गहन चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक में 17 मार्च से 21 अप्रैल तक संचालित होने वाले शिशु संरक्षण माह अभियान के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। सीईओ श्री पाटले ने स्वास्थ्य विभाग को अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु माइक्रो स्तर पर कैलेंडर आधारित कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। यह अभियान 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों पर केंद्रित है, जिसके तहत विटामिन-ए सिरप, आयरन सिरप वितरण, टीकाकरण, पोषण जांच तथा स्वास्थ्य शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को बी.सी.जी., हेपेटाइटिस बी, डी.पी.टी., ओ.पी.वी., मीजल्स-रूबेला तथा पेंटावेलेंट के टीके लगाए जाएंगे। बैठक में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 23 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाले कुदरगढ़ महोत्सव के सफल संपादन को लेकर भी गहन समीक्षा की गई। महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं में लगे विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित दायित्वों की अद्यतन जानकारी ली गई। इसके साथ ही जिले के विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ श्री पाटले ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका उचित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा जनहित के मामलों का त्वरित निपटारा करते हुए आम नागरिकों को समय पर लाभ पहुँचाया जाए। बैठक में डीएफओ डी.पी. साहू, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सर्व एसडीएम एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



न्यायालय तहसीलदार लटोरी
जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़

रा०प्र०क0 202510280100017
अ-21/2025-2026

ईश्तहार

मीना गिरी पति गीता सारथी

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिकाः श्रीमती मीना गिरी पति स्व. भूनेश्वर गिरी जाति गोस्वामि निवासी ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी जिला सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 281/1, 297/1 रकबा 0 06, 0.10 हे .भूमि स्थित है। उक्त भूमि ख0न0 297/1 रकबा 0.10 है० में से रकबा 0.05 हे० भूमि को अनानेदक श्री गीता सारथी पति श्यामलाल जाति घसिया निवासी गोविंदपुर तहसील लटोरी के पास 13,00,000/- (तेरह लाख रूपये में विक्रय करने हेतु सौदा तय किया गया है. जिसमें से 500,000/- (पांच लाख रूपये) अग्रिम राशि प्रदाय किया गया है। आवेदित भूमि शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत करने से जाच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18/03/2026 को उपस्थित ही कर दावा है आपत्ति प्रस्तुत कर संकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी

तहसीलदार
लटोरी जिला सूरजपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

रा०प्र०क्र०/अ-20(1)/2025-26,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयेश कुमार गुप्ता, पंकज कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व० जवाहर लाल गुप्ता, जाति रौनियार, सभी निवासी रामानुजगंज रोड़ फारेस्ट बेरियर के पास अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि मोहल्ला-मायापुर, नगर अम्बिकापुर, शीट नंबर 06 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 2194/1, 2195/1, 2198/1, 2199/5 रकबा कमशः 0.08 3/4, 0.05, 0.05 3/4, 0.36 1/4 एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31/03/2026 है। आवेदकगण द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेश खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावाध्आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 24/03/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# समाज के कमजोर तबकों की मदद कर क्षेत्र में करें सामाजिक समरसता का निर्माण : रामलल्लू

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** साहू समाज की आराध्य तैलिक कुलशिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से ग्राम छापरपोड़ी विकास खंड रामानुजनगर में मनाया गया। सर्वप्रथम माता कर्मा के छायाचित्र का पूजन वंदन एवं आरती कर समारोह की शुरुआत हुई। स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन तहसील साहू समाज के अध्यक्ष बिरजा राम साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामरतन साहू ने गीत के माध्यम से माता कर्मा के जीवनी का वाचन किया। मुख्य अतिथि साहू संघ के जिलाध्यक्ष रामलल्लू साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज भक्त माता कर्मा के पद चिन्हों पर चलते हुए संगठित हो, कमजोर तबकों की सेवा मदद करते हुए क्षेत्र में सामाजिक समरसता का निर्माण करें। जिला संरक्षक रामबिलास साहू ने कहा कि समाज संगठित होकर प्रदेश के सभी क्षेत्र मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। जिला सलाहकार मनोज कुमार साहू ने कहा कि समाज शिक्षा विशेष कर बालिका शिक्षा में मजबूत प्रदर्शन करे, समाजिक कुरीतियों एवं नशापान का त्याग करे। जिला उपाध्यक्ष राम निवास साहू ने आपसी मतभेद भुलाकर सामाजिक कार्य करने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल साहू ने बताया कि माता कर्मा त्याग की मूर्ति थी उनसे हमे प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला सलाहकार गैविनाथ साहू ने सूरजपुर में आगामी दिनों में प्रदेश स्तरीय कर्मा जयंती में तन मन धन से योगदान हेतु आह्वान किया। जिला संरक्षक जोखन साहू, जिला संगठन सचिव मनीष दीपक साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंद्र प्रताप साहू, कोषाध्यक्ष रमाशंकर साहू, तहसील उपाध्यक्ष दिलकेश्वर साहू, उपकोषाध्यक्ष रामशिरोमणि साहू, तहसील महामंत्री अनरूद प्रसाद साहू, तहसील अध्यक्ष भैयाथान सौरभ साहू, तहसील अध्यक्ष सूरजपुर ओम प्रकाश साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम पश्चात माता कर्मा का खिचड़ी भोग वितरण किया गया। समारोह में जिला, तहसील एवं केंद्र के पदाधिकारी सहित देवमुनिया साहू, अर्चना साहू, मंडल अध्यक्ष देवनगर अनिल साहू, मीना साहू, गंगोत्री साहू, राजकुमारी साहू, राधा साहू, सितारा साहू, अंजू साहू, संतोष साहू, उर्मिला साहू, सुंदर साहू, प्रभा साहू, जगदीश साहू, रामकरण साहू, विष्णु साहू, परसराम साहू, रामनेवाज साहू, रमाशंकर साहू, ललित साहू, हरिनारायण साहू, केंद्रों के सभापति रामनरेश साहू, रमेश साहू, महेंद्र साहू, केवल प्रसाद साहू, हरिचरण साहू, रामसरीमन साहू, विजय साहू, बाबूलाल साहू, सुदर्शन साहू, भारत साहू, शिवशंकर साहू, संदीप साहू, राजेश्वर साहू, दिनेश साहू, हरिचरण साहू, बंशरूप साहू, कन्हैया साहू समेत बड़ी संख्या में साहू समाज के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जनपद सदस्य राकेश साहू आभार प्रदर्शन रामकेशवर साहू ने किया।



## छापरपोड़ी में हुआ तहसील स्तरीय माता कर्मा जयंती समारोह

# भाजपा किसान मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिवस पर जिले के विभिन्न स्थानों में किया सेवा कार्य

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिले में सेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर यहां जिला अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन वितरण किया गया तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। जिलाध्यक्ष कपिल पाण्डेय ने सेवा भाव के साथ मरीजों की सेवा करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही संगठन की मूल भावना है। इसी क्रम में रामानुजनगर, प्रतापपुर तथा ओड़गी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मंगलकामना की गई। किसान मोर्चा जिलामंत्री मोहन शर्मा एवं लटोरी मंडल अध्यक्ष हिराधन रजवाड़े के नेतृत्व में सेवा कार्य करते हुए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

वहीं सूरजपुर जिले के प्रेमनगर मंडल में कृषि अभियांत्रिकी व सिंचाई प्रकल्प के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय प्रेमनगर में केक काटकर श्री ठाकुर का जन्मदिवस मनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अपेक्षा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा निरंतर किसानों के हित में कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने आलोक सिंह ठाकुर के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कपिल पाण्डेय जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, वरिष्ठ भाजपा नेता शशि तिवारी, अजय अग्रवाल जिला महामंत्री, लवकेश पैंकरा, लाल संतोष सिंह प्रभारी, बिलासपुर संभाग, वीरेंद्र कुमार जायसवाल प्रदेश सहसंयोजक, कृषि अभियांत्रिकी व सिंचाई प्रकल्प, फुलेश सिंह सिरदार जनपद अध्यक्ष, राजेश तिवारी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, श्रीमती नयन सिरदार जिला पंचायत सदस्य मंडल अध्यक्ष प्यारे साहू शिवचरण नापित, नीतिश सिंह, रामनारायण तंवर, हिराधन रजवाड़े शिवशंकर साहू, भुवनेश्वर साहू, सतीश जायसवाल, रामकुमार सिरदार, विजय सिदार, अरुण सिंह जनक साहू, प्रेमचंद देवांगन, विकास गुर्जर, रोहन देवांगन, अशोक साहू, आशीष गुर्जर, सोहन कुर्रे, प्रेम कुशवाहा, केशव सिंह, श्रीमती मिथिला बंजारा भाजपा मंडल अध्यक्ष, शिनन्दन सिंह मराबी, रोहित मानिकपुरी, सुभाष साहू, बादल सूर्या व रामानुजनगर में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा, महामंत्री रामकुमार कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष दुबे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, राजेश साहू, जनपद जांगड़े सहित किसान मोर्चा व भाजपा, भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# सरगुजा फ्रंटलाइन

# एजेंसियों में भीड़, प्रशासन कह रहा-डिजिटल बुकिंग और घर पहुंच सेवा का लाभ उठाएं

## उपभोक्ताओं को भ्रमित करने वाले एजेंसी के जिम्मेदारों की मॉनीटरिंग क्यों नहीं..?

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर सामने आ रही खबरों को प्रशासन ने महज अफवाह करार दिया है। जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी समाचार में बताया गया है कि गैस एजेंसियों के पास सिलिंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर के लिए एजेंसियों पर लंबी कतारें लगाने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, वे घर बैठे डिजिटल माध्यमों से बुकिंग कर होम डिलीवरी की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इधर आम उपभोक्ता रसोई गैस की प्राप्ति के लिए एजेंसियों का चक्कर काटने में लगे हैं। रसोई गैस के लिए लाइन लगने का नजारा सोमवार को भी देखने को मिला। महिला-पुरूष, घर की रसोई में बाधा की बन रही स्थिति को देखते हुए रसोई गैस के लिए मिन्नतें करते देखे गए। ऐसे में प्रशासन के द्वारा किए जाने वाले रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता के दावे और मैदानी सच्चाई सवालों के घेरे में है।

बता दें कि एक समय ऐसा था, गैस एजेंसियों में बुकिंग के 24 घंटे के अंतराल में गैस सिलिंडर की घर पहुंच सुविधा का उल्लेख दीवारों पर मिलता था, जो आज भी मौजूद है। सोमवार को जब गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता के दावे और उपभोक्ताओं की पीड़ा को करीब से आंकने का प्रयास किया गया, तो सामने आया कि राजा गैस एजेंसी में बुकिंग के बाद 5 दिन के अंतराल में पर्ची लेने के लिए आने कहा जा रहा था, इसके बाद वे एजेंसी से गैस सिलिंडर प्राप्त कर सकते हैं। होम डिलीवरी के लिए 10 से 12 दिन समय लगने की बातें खुलेआम उपभोक्ताओं से कही जा रही थी। ऐसे भी उपभोक्ता एजेंसियों में नजर आए, जिन्होंने एक वर्ष बीतने के पूर्व 12 सिलिंडर प्राप्त कर लिया है, इन्हें नए सत्र, अप्रैल में ही गैस सिलिंडर मिलने आश्वस्त किया गया। रसोई गैस के उपभोक्ताओं की पूरा कुंडली ऑनलाइन दर्शाने के कारण ऐसे उपभोक्ताओं के चेहरे में हताशा और निराशा का भाव देखने को मिला। चौक-चौराहों में छोटी-मोटी दुकानदारी करके जीवकोपार्जन करने वाले कामर्शियल गैस सिलिंडर नहीं मिलने के कारण ऊंचे दामों में गैस सिलिंडर खरीदकर अपने कारोबार को गति दे रहे हैं। इस पर भी जब्ती का खतरा मंडरा रहा है। गैस एजेंसियों के संचालकों की बैठक लेकर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके निर्देश प्रशासन की ओर से जरूर दिए गए हैं, लेकिन उपभोक्ता किस दौर से गुजर रहे हैं, इसके मॉनीटरिंग करने की भी जरूरत है।



### एजेंसियों में चस्पा किए गए संदेश

शहर के एचपीसीएल, राजा गैस एजेंसी में बाहर सूचना चस्पा किया गया है कि 6 मार्च से एक महीने में एक कार्ड में केवल एक टंकी ही लिया जा सकेगा। अगले टंकी का बुकिंग, पिछले टंकी के डिलीवरी के 25 दिन के अंतराल के बाद ही किया जाएगा। इसके अलावा एक अन्य सूचना में जिन उपभोक्ताओं का बुकिंग 10 मार्च या उससे पहले का है, उन्हें ही पर्ची देने का उल्लेख है। प्रतिदिन पर्ची देने की अधिकतम सीमा 200 है, बुकिंग तिथि मैसेज से देखकर ही लाइन में खड़ा होने का उल्लेख किया गया है। इन सूचनाओं के बीच रसोई गैस का पर्ची प्राप्त करने के बाद 5 दिन में अंतराल में एजेंसी में आकर सिलिंडर प्राप्त करने के लिए कहा जा रहा है। मतलब बुकिंग और पर्ची प्राप्त करने के बाद गैस सिलिंडर लेने के लिए एजेंसी आना पड़ेगा। होम डिलीवरी अगर प्राप्त करना हो, तो 10 से 12 दिन इंतजार करने का स्पष्ट संकेत दिया जा रहा है। इस बीच गैस सिलिंडर दरवाजे तक नहीं पहुंचा तो पुन: गैस एजेंसी का रास्ता नापने की नौबत बनेगी।

### किसी प्रकार के अफवाह या झांसे में न आएं

प्रशासन की ओर से गैस एजेंसियों के संचालकों ने भी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के अफवाह या झांसे में न आएं। जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। गैस एजेंसी संचालकों ने आग्रह किया कि उपभोक्ता गैस एजेंसियों में भीड़ लगाकर अपना कीमती समय बर्बाद न करें, टोल फ्री नंबर माध्यम से प्रदान की जा रही होम डिलीवरी सेवा का लाभ उठाएं। इधर एजेंसी में उपभोक्ताओं की कतार लगना समझ से परे है।

### 15 को बुकिंग, 16 को घर पहुंचा सिलिंडर



रसोई गैस के लिए मशक्कत के बीच प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राही परिवार ने शासन और जिला प्रशासन की गैस सिलिंडर की होम डिलीवरी की सुगम व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया है। वर्तमान में गैस कंपनियां मोबाइल टोल फ्री नंबर और व्हाट्सएप के माध्यम से सुचारू रूप से बुकिंग स्वीकार कर रही हैं, जिससे आम नागरिकों को घर बैठे ही ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। जनसंपर्क विभाग के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के मायापुर ठनगनपारा की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की हितग्राही संजरी खातून ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा है कि उन्होंने गैस सिलिंडर की बुकिंग के लिए गैस एजेंसी डिस्ट्रीब्यूटर के टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल किया था। महज एक दिन के भीतर गैस एजेंसी द्वारा उनके घर पर गैस सिलिंडर की डिलीवरी सुनिश्चित कर दी गई। इनके पति नैमुद्दीन अंसारी का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में सर्वर की तकनीकी समस्या के कारण बुकिंग में आंशिक बाधा आई थी, लेकिन अब यह समस्या पूरी तरह ठीक हो चुकी है। इनका कहना है, 'हमने 15 मार्च को कंपनी के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर बुकिंग की, जिसका तत्काल मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हुआ और 16 मार्च को सिलिंडर घर पहुंच गया।'

# भाजपा मंडल भैयाथान में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**छ.ग.फ्रंटलाइन भैयाथान।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा मंडल भैयाथान द्वारा मंगल भवन भैयाथान में दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में 'सक्षम कार्यकर्ता, सशक्त संगठन' के उद्देश्य को लेकर रविवार को मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सभी मोर्चा के मंत्री स्तर तक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भाजपा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल आठ सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक सत्र के लिए अलग-अलग अध्यक्ष एवं वक्ता निर्धारित किए गए थे।

विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा, पार्टी का इतिहास, संगठन विस्तार में कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण से व्यक्ति निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण, आचरण और व्यवहार का विकास होता है। भारतीय जनता पार्टी विचारों की पार्टी है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को शासन स्तर पर सेवा के रूप में लागू करती है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्रवाद और संगठन सुदृढ़ीकरण तक की विचारधारा से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतनु गोयल ने किया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी रामाशंकर यादव ने कार्यकर्ताओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण वर्ग में मंडल व मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

प्रथम सत्र के वक्ता अजय गोयल व अध्यक्षता राजीव प्रताप सिंह, द्वितीय सत्र के वक्ता अशोक सिंह व अध्यक्षता रामू गोस्वामी, तृतीय सत्र के वक्ता ललित गोयल व अध्यक्षता रामाशंकर यादव, चतुर्थ सत्र के वक्ता रितेश जायसवाल व अध्यक्षता शीतल प्रसाद गुप्ता, पंचम सत्र के वक्ता शिव राजबाड़े व अध्यक्षता प्रकाश दुबे, षष्ठम सत्र के वक्ता नूतन विश्वास व अध्यक्षता नीरू गुप्ता, सप्तम सत्र के वक्ता रितेश गुप्ता व अध्यक्षता सीताराम कुशवाहा, अष्टम सत्र के वक्ता नेहा तिवारी व अध्यक्षता प्रतिमा साहू ने किया।



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने लिया जायजा

प्रथम दिवस के समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी व वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल प्रशिक्षण वर्ग का जायजा लेने मंगल भवन पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण जीवन व संगठन निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं में वैचारिक व संगठनात्मक मजबूती आती है। प्रथम दिवस की रात्रि में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि विश्राम किया। अगले दिन प्रात: उन्होंने संघ की शाखा लगाकर कार्यकर्ताओं को संघ की कार्यपद्धति से परिचित कराया।

### मृतकों के वारिसों को 20 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अपर कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्राकृतिक आपदा में मृतकों के वारिसों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। तहसील बतौली के सेदम निवासी सहद राम की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस दिलमनी, तहसील बतौली के मंगारी निवासी दीपक प्रधान की मृत्यु आकाशीय बिजली से होने पर उनके वारिस परशु प्रधान, तहसील बतौली के उमापुर निवासी अशोक तिग्गा की मृत्यु आकाशीय बिजली से होने पर उनके वारिस ललिता तिग्गा, तहसील सीतापुर के केरजू निवासी अंश गर्ग की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस संजय गर्ग एवं तहसील मैनपाट के बंदना निवासी द्वारिका प्रसाद की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उनके वारिस भुनेश्वरी को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई है।

# जिले में 17 मार्च से वृहद स्वैच्छिक रक्तदान अभियान आज से

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा के निर्देशानुसार जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वृहद स्वैच्छिक रक्तदान अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अभियान के अंतर्गत 17 मार्च से 08 मई तक जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों के समन्वय से चरणबद्ध रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविरों का आयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सरगुजा के समन्वय से किया जाएगा। राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध ब्लड सेंटर की चिकित्सकीय एवं तकनीकी टीम द्वारा रक्त संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत जिले के विभिन्न महाविद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, सामाजिक संगठनों तथा अन्य संस्थानों में युवाओं और आम नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा ने जिले के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और संस्थानों से इस स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है।

# रजनी रविशंकर त्रिपाठी महिला इकाई की संभाग अध्यक्ष मनोनीत

## सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न, महिला इकाई का गठन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें संगठन की महिला इकाई का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर मनोनयन किया गया। सर्वसम्मति से भटगांव विधानसभा की पूर्व विधायक रजनी रविशंकर त्रिपाठी को महिला इकाई का संभाग अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

महिला इकाई में उपाध्यक्ष के रूप में देवकी त्रिपाठी एवं ज्योति द्विवेदी, सचिव के रूप में शशिकला तिवारी, ममता तिवारी एवं नीलम शर्मा, सहसचिव के रूप में बीना दुबे, अल्पना मिश्रा, स्मिता तिवारी एवं प्रियंका चौबे को दायित्व सौंपा गया। कोषाध्यक्ष रेणुका शुक्ला, सह-कोषाध्यक्ष मीना शुक्ला, मीडिया प्रभारी अलका मिश्रा तथा संरक्षक किरण मिश्रा एवं जयंति तिवारी को नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान शहर के वरिष्ठ विप्रजन एवं वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। इनमें प्रेमकुमार शर्मा, हरिशंकर त्रिपाठी, चंदा शुक्ला, लीलावती पाण्डेय तथा वरिष्ठ पत्रकार अनंगपाल दीक्षित, सुरेन्द्र तिवारी, संजय तिवारी, हरिकिशन शर्मा, नंदकेश्वर पाण्डेय, डी.एन. द्विवेदी, विजय शुक्ला, केदार पाठक, डी.के. पाण्डेय एवं अजय नारायण पाण्डेय शामिल रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमकुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का मार्गदर्शक समाज रहा है। ब्राह्मण समाज का दायित्व केवल अपने समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समूचे समाज को सही दिशा देना भी है। वर्तमान समय में सामाजिक मूल्यों में आ रही गिरावट और विभिन्न प्रकार की विकृतियों को दूर करने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक है। इसके लिए ब्राह्मण समाज को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज को जागरूक करना होगा। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय बनाते हुए युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी बल दिया, ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक सनातन धर्म की रक्षा और उसके मूल्यों का संरक्षण प्रभावी ढंग से नहीं हो सकेगा। ब्राह्मण समाज को अपने गौरवशाली इतिहास और परंपराओं को स्मरण करते हुए समाज में नैतिकता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। सनातन धर्म में जो भी विकृतियां समय के साथ उत्पन्न हुई हैं, उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी भी ब्राह्मण समाज की है। सर्व धर्म समभाव की भावना के साथ सनातन धर्म को मजबूत बनाने की दिशा में संगठित होकर कार्य करना समय की आवश्यकता है।



# विहिप ने निर्माण पर रोक लगाने ज्ञापन सौंपा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** विश्व हिंदू परिषद सरगुजा के जिला कार्याध्यक्ष ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नवागढ़ क्षेत्र के आलमबाग में समुदाय विशेष द्वारा कराए जा रहे धार्मिक स्थल के निर्माण पर रोक लगाने और ग्राम राजाकटेल में विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों की जमीन पर कब्जा करने वालों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। कलेक्टर को संबोधित पत्र में विहिप के जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गुप्ता ने उल्लेख किया है कि अंबिकापुर के नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत आलमबाग उद्यान के एक हिस्से में शासकीय भूमि पर मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है। तत्कालीन कलेक्टर विलास भोस्कर ने इस निर्माण को हटाने और दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया था, लेकिन आज दिनांक तक कार्रवाई नहीं हुई और निर्माण कार्य सतत् जारी है। इस पर रोक लगाने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसी क्रम में लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम राजाकटेल में विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के लोगों की भूमि पर समुदाय विशेष के द्वारा किए गए कब्जा के मामले में दर्ज किए गए एफआईआर के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया है, और शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विहिप जिला अध्यक्ष के साथ अविनाश तिवारी ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष, सियाराम, रूपनारायण, संतोष विश्वकर्मा, विनय दास, सुरेश सोनी, मनीजर राजवाड़े, महेश सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

# वन कक्ष से फेंसिंग तार की चोरी, बाइक और तार छोड़कर भागा आरोपी

**छ.ग.फ्रंटलाइन वाड्रफनगर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिला के त्रिकुण्डा थाना अंतर्गत ग्राम सलवाही के वन कक्ष क्रमांक पी-835 में वृक्षारोपण क्षेत्र में 25-30 पोल को गिराकर क्षतिग्रस्त करने और उसमें लगे फेसिंग तार को चोरी करके ले जाने के मामले में परिसर रक्षक ने मोटरसायकल सहित चोरी किए गए तार को बरामद कर लिया है। वन परिक्षेत्र सहायक कार्यालय डिण्डो में पदस्थ परिसर रक्षक ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस चैकी डिण्डो में की है, जिस पर त्रिकुण्डा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक परिसर रक्ष डिण्डो 13 मार्च को जंगल भ्रमण कर रहे थे। वन कक्ष क्रमांक पी-835 में पहुंचने पर उन्होंने पाया वृक्षारोपण क्षेत्र में लगे फेंसिंग तार एवं पोल खूंटा को तोड़फोड़ करके कोई तार निकालकर ले गया है। इस दौरान पूछताछ में पता चला कि विनोद पिता फुलकेश्वर, निवासी ग्राम सलवाही के द्वारा फेसिंग तार एवं पोल खूंटा को क्षति पहुंचाया गया है, और तार निकालकर ले गया है। संदेही का जब उन्होंने तलाश शुरू किया तो शाम लगभग 07.30 बजे मोटरसायकल से विनोद के द्वारा तार को बाइक में लोड करके डिण्डो बेचने के उद्देश्य से ले जाते नजर आया। डिण्डो पेट्रोल पंप के पास जब उसे परिसर रक्षक ने पीछा करके रोका तो वह मोटरसायकल क्रमांक सीजी 30 ई 3103 सहित लोड तार को छोड़कर भाग गया। इसे वन अमले ने जब्त कर लिया है। चोरी किए गए तार का वजन लगभग 50 किलो, कीमत लगभग चार हजार रुपये बताया जा रहा है।

# अधेड़ और युवक की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** घर के दरवाजे पर गिरने और बाड़ी में काम करते समय गिरने के दो मामलों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक जशपुर जिला के कमरिया बगीचा का सहदेव पिता स्व. सोमात रात 51 वर्ष, 14 मार्च को गांव से घूमकर घर के पास पहुंचा और दरवाजे पर गिर गया था। स्वजन उसे बगीचा स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे थे, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरे मामले में सूरजपुर जिला के ग्राम गोपालपुर का राजकुमार पिता अकालू गोड़ 45 वर्ष, रविवार को अपने दामाद के साथ बाड़ी में आलू निकालने गया था। इसी बीच वह अचानक गिर गया। सूरजपुर जिला अस्पताल से रिफर करने पर स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है, शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

Since 2003
Based on CBSE Syllabus
Admission Open
Nursery to 10th
Milestones School
English Medium
Add. : Behind Central Bank Gudri Chowk, Ambikapur Mob. 9826190902
Office Time : 10 AM to 2 PM

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर